last 3 years ended 31st March, 1992 is as follows:—

(Rs. in lakhs)

Amount disbursed	Year ended 31st March		
	1990	1991	1992
Rupee Loan	1276	3871	4759
Equity	..	36	25
Leasing	..	16	44

(b) The number of projects for which loans and other facilities were disbursed during the last 3 years are as follows:—

Year ended 31st March	No. of projects to which disbursement has been made
1990	39
1991	55
1992	43

(c) Resources available with TFCI are adequate to cover immediate requirement of funds for disbursement and steps are being taken to mobilise further resources.

कुल्लू में वायुदूत का सिटी बुकिंग आफिस

3619. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में जो जो शहर विमानपत्तनों से दूर हैं उन सभी शहरों में सिटी बुकिंग आफिस स्थित है ताकि लोगों को आरक्षण आदि कराने में कोई असुविधा न हो ;

(ख) यदि हां, तो कुल्लू शहर में, जहां से विमानपत्तन आठ किलोमीटर दूर है, पिछले दो तीन वर्षों से वायुदूत का सिटी बुकिंग आफिस न होने के क्या कारण हैं और क्या इसके कारण जनता और पर्यटकों को असुविधा हो रही है ;

(ग) क्या इस संबंध में जन-प्रतिनिधियों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) जो नगर हवाई अड्डों से दूर है वहां आरक्षण सुविधा या तो एयरलाइन के बुकिंग कार्यालय द्वारा या विक्रय एजेंटों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है जो कि व्यापार की मात्रा तथा अन्य संगत वाणिज्यिक कारणों के आधार पर निर्भर करती है। कुल्लू शहर में वायुदूत के दो विक्रय एजेंट हैं।